# अध्याय–7 सड़क सुरक्षा उपाय

## यातायात से संबंधित शब्दावलियाँ

**1. यातायात संकेतक**– सड़क पर वाहनों के परिचालन को नियमित करने हेतु विभिन्न प्रकार के संकेतकों का प्रयोग किया जाता है। इसमें से कुछ निम्नवत् हैं:–

**क– लाल बत्ती–** लाल बत्ती का आशय वाहनों को ठहराव से है। यातायात सिग्नल में जिस तरफ की लाल बत्ती जल रही होती है उस तरफ के वाहनों के रुकने का संकेत होता है।

**ख– हरी बत्ती–** हरी बत्ती का आशय वाहनों के आगे बढ़ने के संकेतक के रूप में है। यातायात सिग्नल में जिस तरफ की हरी बत्ती जल रही होती है उस तरफ के वाहनों के चलने का संकेत होता है।

**ग– पीली बत्ती–** पीली बत्ती का आशय वाहनों के सतर्कता के साथ आगे बढ़ने के संकेतक के रूप में है। यातायात सिग्नल में जिस तरफ की पीली बत्ती जल रही होती है उस तरफ के वाहनों के सतर्कता के साथ चलने का संकेत होता है।

**2. फुटपाथ**– फुटपाथ का आशय वैसे पथ से है जो सामान्यतः सड़क के पार्श्व भाग में पद यात्रियों के चलने के लिए निर्धारित होता है। इसके अलावे पैदल यात्रियों के लिए सब वे (भूतल पथ) एवं ऊपरी पथ (ओवर ब्रिज) का भी उपयोग किया जाता है।

**3. जेब्रा क्रॉसिंग**– पैदल यात्रियों के सड़क पार करने के लिए जिस संकेतक का उपयोग किया जाता है, उसे जेब्रा क्रॉसिंग कहा जाता है। इस स्थान को चिह्नित करने के लिए सफेद एवं काले रंग की मोटी रेखाएं एकांतर क्रम में एक दूसरे के समानांतर खींची जाती है, जो जेब्रा जानवर के शरीर पर बनी धारियों के सदृश होता है। इसी से इसे जेब्रा क्रॉसिंग का नाम भी दिया गया है।

**4. बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा सुझाव**

(क) सड़क पर चलते समय सतर्कता बरतें, क्योंकि सड़क खतरे का क्षेत्र होता है। यदि आप सड़क पर सतर्क नहीं रहते हैं तो सामने से आ रही यातायात से आपको चोट लग सकती है या मृत्यु भी हो सकती है।

(ख) जहाँ फुटपाथ हो वहाँ उसी पर चलें।

(ग) जब आप फुटपाथ का इस्तेमाल करें तो न तो खड़े रहें न ही किसी समूह में चलें। कारण यह है कि जब आप ऐसा करते हैं तो अन्य लोगों को चलने के लिए कम जगह बचेगी और वे **फुटपाथ** से सड़क पर उतर कर आपसे आगे निकलने की कोशिश कर सकते हैं। यह खतरनाक हो सकता है। इसलिए दूसरों का ध्यान रखें और फुटपाथ पर अन्य लोगों को चलने का मौका दें।

(घ) सड़क पार करने के लिए **जेब्रा क्रॉसिंग** का इस्तेमाल करें।

(ङ) सड़क पार करने से पहले यातायात और आपके बीच उपयुक्त फासला होने का इंतजार करें।

(च) जब आप सड़क पार कर रहे हों तो कभी यह मानकर नहीं चलें कि ड्राइवर ने आपको देख लिया है। अपने जीवन की रक्षा आपकी जिम्मेवारी है।

**5. बस की यात्रा के बारे में जानें–**

बस यातायात का एक महत्वपूर्ण साधन है। बस पर यात्रा करते समय हमें निम्न बातों पर ध्यान देना चाहिए:–

**जब आप बस पर चढ़ें तो–**

- जल्दबाजी न करें, बस के रुकने का इंतजार करें।
- एक कतार में रहकर बस में प्रवेश करें।
- देख लें कि आपका बैग या कपड़े आदि कहीं भी न फंसे।
- सीधे अपनी सीट पर जाकर बैठ जाएं।

**बस में यात्रा करते हुए–**

- सीट पर समुचित ढंग से बैठें और चेहरा सामने रखें।
- अपने शरीर का कोई भी अंग बाहर न निकालें क्योंकि इससे दुर्घटना हो सकती है।
- पायदान पर यात्रा न करें।
- बस का गलियारा खाली रखें।
- शोरगुल न करें और ड्राइवर का ध्यान न बटाएं।
- ड्राइवर और कन्डक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**बस से उतरते समय–**

- जल्दबाजी न करें, बस के रुकने का इंतजार करें।
- रेलिंग का उपयोग करते हुए बस से उतरें।
- बस के अगले दरवाजे से बाहर निकलें।
- उतरते समय ड्राइवर आपको देख सके।
- खोई चीजें वापस लेने के लिए बस के नीचे न जाएं।
- बस के पीछे न चलें, जहाँ ड्राइवर नहीं देख सकता।

**6. रेलवे क्रॉसिंग के बारे में जानें:–** कई बार सड़क से रेलवे लाईन, क्रॉस करते हुए गुजरती है। ऐसे पारगमन स्थल को रेलवे क्रॉसिंग कहते हैं। रेलवे क्रॉसिंग दो प्रकार के होते हैं।

(I) मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग

(II) रक्षित रेलवे क्रॉसिंग

(i) मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग एक ऐसा रेलवे क्रॉसिंग है जहाँ सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात नहीं होता है, न ही कोई फाटक होता है। ऐसे रेलवे क्रॉसिंग को पार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रेल की पटरी पर कोई ट्रेन नहीं आ जा रही है।

(ii) रक्षित रेलवे क्रॉसिंग:– जहाँ गार्ड सुरक्षा कर रहा हो वैसे रेलवे क्रॉसिंग को रक्षित रेलवे क्रॉसिंग कहते हैं तथा पटरी पर रेल आने की सूचना होने पर फाटक बंद कर दिया जाता है। यदि रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद हो तो हमें उसके खुलने का इंतजार करना चाहिए तथा फाटक खुलने के बाद ही ऐसा क्रॉसिंग पार करना चाहिए।

# (क) यात्रा संकेतक

| क्रमांक | चिह्न | हिन्दी | अंग्रेजी |
|---|---|---|---|
| 1 |  | रुकिए | Stop |
| 2 |  | जेब्रा क्रॉसिंग | Zebra Crossing |
| 3 |  | दाहिने पार्किंग | Parking Right Side |
| 4 |  | हार्न निषेध | No Horn |
| 5 |  | अस्पताल | Hospital |
| 6 |  | प्राथमिक उपचार केंद्र | First Aid Post |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 |  | प्रवेश निषेध | No Entry |
| 8 |  | हार्न बजाना अनिवार्य | Compulsory Horn |
| 9 |  | पार्किंग निषेध | No Parking |
| 10 |  | पदयात्री प्रवेश निषेध | Pedesterians Prohibited |
| 11 |  | साइकिल क्रॉसिंग | Cycle Crossing |
| 12 |  | आगे स्कूल | School Ahead |

# (ख) यातायात प्रश्नावली

| | | |
|---|---|---|
| 1 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) रुकें। |
| | | (ii) पार्किंग निषिद्ध। |
| | | (iii) आगे अस्पताल है। |
| 2 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) पैदल यात्री क्रॉसिंग। |
| | | (ii) पैदल यात्री प्रवेश कर सकते हैं। |
| | | (iii) पैदल यात्री निषिद्ध। |
| 3 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) दायें रहें। |
| | | (ii) दाहिनें तरफ पार्किंग स्वीकृत। |
| | | (iii) दाहिना मुड़ना अनिवार्य। |
| 4 | | **फुटपाथ रहित सड़क पर:–** |
| | | (i) पदयात्री को सड़क के बायें चलना चाहिए। |
| | | (ii) पदयात्री को सड़क के दायें चलना चाहिए। |
| | | (iii) पदयात्री को सड़क के किसी भी तरफ चलना चाहिए। |
| 5 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) हॉर्न प्रतिबंधित। |
| | | (ii) हॉर्न अनिवार्य। |
| | | (iii) हॉर्न बजा सकते हैं। |
| 6 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) प्राथमिक उपचार केन्द्र। |
| | | (ii) विश्राम स्थल। |
| | | (iii) अस्पताल। |
| 7 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) प्राथमिक उपचार केन्द्र। |
| | | (ii) विश्राम स्थल। |
| | | (iii) अस्पताल |
| 8 | | **जेब्रा लाईन का अर्थ:–** |
| | | (i) वाहन रोकें। |
| | | (ii) पद यात्री क्रॉसिंग। |
| | | (iii) वाहन को प्राथमिकता देना। |


| | | |
|---|---|---|
| 9 | | **लाल यातायात लाईट दर्शाता है:–** |
| | | (i) सतर्कता के साथ वाहन बढ़ाये़ं। |
| | | (ii) वाहन रोकें। |
| | | (iii) धीरे चलें। |
| 10 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) प्रतिबंध समाप्त। |
| | | (ii) प्रवेश निषेध |
| | | (iii) ओभरटेकिंग प्रतिबंधित। |
| 11 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) हॉर्न बजाना अनिवार्य। |
| | | (ii) लगातार हॉर्न बजायें |
| | | (iii) हॉर्न बजाना प्रतिबंधित। |
| 12 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) प्रतिबंध समाप्त |
| | | (ii) रुके नहीं। |
| | | (iii) पार्किंग प्रतिबंधित। |
| 13 | | **चलते वाहन पर चढ़ना एवं उतरना:–** |
| | | (i) बसों में अनुमान्य है। |
| | | (ii) ऑटो रिक्शा में अनुमान्य है। |
| | | (iii) सभी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। |
| 14 | | **हॉर्न का उपयोग प्रतिबंधित है:–** |
| | | (i) मस्जिद, चर्च एवं मंदिर के पास। |
| | | (ii) अस्पताल एवं न्यायालय के पास |
| | | (iii) थाना के पास। |
| 15 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) छात्र प्रतिबंधित। |
| | | (ii) पदयात्री मान्य। |
| | | (iii) पदयात्री प्रतिबंधित। |
| 16 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) साइकिल क्रॉसिंग। |
| | | (ii) साइकिल क्रॉसिंग प्रतिबंधित। |
| | | (iii) साइकिल का प्रवेश मना है। |
| 17 | | **जब कोई स्कूल बस छात्रों को चढ़ा या उतार रहा हो तो–** |
| | | (i) हार्न बजाएँ एवं बढ़ें। |
| | | (ii) धीरे–धीरे सतर्कता के साथ बढ़ें क्योंकि छात्रों के एकाएक सड़क पार करने की संभावना होती है। |
| | | (iii) कोई विशेष ध्यान नहीं देना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| 18 |  | **निम्नांकित चिह्न दर्शाता है:–** |
| | | (i) स्कूल आगे है। |
| | | (ii) पद यात्री क्रॉसिंग। |
| | | (iii) पद यात्री क्रॉसिंग मना है। |
| 19 | | **यदि किसी चौराहा पर आप पीला बत्ती का सिग्नल देखते हैं तो:–** |
| | | (i) उसी स्पीड में बढ़ते हैं। |
| | | (ii) वाहन रोक देते हैं और आप हरी बत्ती का सिग्नल होने का इंतजार करते हैं। |
| | | (iii) वाहन धीरे कर सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ते हैं। |
| 20 | | **लाल बत्ती का ट्राफिक सिग्नल दर्शाता है:–** |
| | | (i) वाहन रोकें जबतक हरी बत्ती का सिग्नल न जले। |
| | | (ii) वाहन रोकें तथा बढ़ें यदि सुरक्षित हो तो। |
| | | (iii) गति कम करें तथा बढ़ें। |
| 21 | | **बस में यात्रा करते समय शरीर का कोई भी अंग बस से बाहर निकालना:–** |
| | | (i) सुरक्षित होता है। |
| | | (ii) असुरक्षित होता है। |
| | | (iii) इनमें से कोई नहीं। |
| 22 | | **बस के पायदान पर यात्रा करना:–** |
| | | (i) सुरक्षित होता है। |
| | | (ii) असुरक्षित होता है। |
| | | (iii) इनमें से कोई नहीं। |
| 23 | | **सड़क पर खेलना किस स्थिति में सुरक्षित होता है:–** |
| | | (i) जब सड़क खाली हो। |
| | | (ii) जब सड़क पर कम यात्री हो। |
| | | (iii) सड़क पर खेलना किसी भी स्थिति में सुरक्षित नहीं होता है। |
| 24 | | **हरा यातायात लाईट दर्शाता है:–** |
| | | (i) वाहन रोकें। |
| | | (ii) धीरे चलें। |
| | | (iii) वाहन के चलने का संकेत। |
| 25 | | **पीला लाईट दर्शाता है:–** |
| | | (i) वाहन रोकें। |
| | | (ii) वाहन के चलने का संकेत। |
| | | (iii) वाहन के सतर्कता के साथ आगे बढ़ने का संकेत। |

# वन्दे मातरम्

सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्य-श्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्र-ज्योत्स्ना-पुलकित-यामिनीम्
फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्
सुहासिनीं, सुमधुरभाषिणीम्
सुखदां, वरदां, मातरम्।
वन्दे मातरम्॥





# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे,
भारत - भाग्य - विधाता।
पंजाब सिंध गुजरात मराठा,
द्राविड़ - उत्कल - बंग।
विंध्य - हिमाचल - यमुना-गंगा,
उच्छल - जलधि - तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत - भाग्य - विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।


सत्र 2019-2020 | सामाजिक,आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग-1 कक्षा-6 (हिन्दी)

बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना

श्री राधा कृष्ण प्रिन्टर एण्ड पेपर, मो0- 7488044815